अमृत

*Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation*

# मिशन विवरण और दिशानिर्देश

सत्यमेव जयते

**शहरी विकास मंत्रालय**
**भारत सरकार**
**जून 2015**

# अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन
# (अमृत)

## मिशन विवरण और दिशानिर्देश

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
शहरी विकास मंत्रालय
(जून, 2015)

# विषय–सूची


1. प्रमुख क्षेत्र 6
2. कवरेज 6
3. मिशन घटक 6
4. धनराशि का आबंटन 8
5. वित्तपोषित किए जाने वाले घटक 10
6. सेवा स्तरीय सुधार योजनाओं (एसएलआईपी) को तैयार करना 11
7. राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) 14
8. कार्य निष्पादन 15
9. निधियां जारी करना 17
10. कार्यक्रम प्रबंधन संरचना 18
11. परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्टों का मूल्यांकन 22
12. शहरी सुधार 24
13. क्षमता निर्माण 24
14. परियोजनाओं की निगरानी 25
15. जिला स्तरीय समीक्षा और निगरानी समिति (डीएलआरएमसी) 25
16. लेखा परीक्षा और मुकदमें संबंधी मामलें 25
17. जेएनएनयूआरएम की अपूर्ण परियोजनाएं 26


## अनुलग्नक


अनुलग्नक 1 : अमृत शहरों के लिए सुधार उपलब्धि और समय–सीमा 29

अनुलग्नक 2 : राज्य वार्षिक कार्य योजना का प्रारूप 32

अनुलग्नक 3 : सी–डैक द्वारा विकसित स्मार्ट समाधान की सूची 59

अनुलग्नक 4 : शहरों/राज्यों के लिए अंक सूची 60

अनुलग्नक 5 : उपयोग प्रमाण–पत्र का प्रारूप (शहर–वार) 61

अनुलग्नक 6 : परियोजना निधि हेतु अनुरोध 62

अनुलग्नक 7 : वार्षिक क्षमता निर्माण योजना 65

अनुलग्नक 8 : आद्योपान्त सहायता का क्षेत्र 74

# अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन
# (अमृत)

राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में शहरों में परिवारों को बुनियादी सेवाएं (अर्थात, जलापूर्ति, सीवरेज, शहरी परिवहन) मुहैया कराने और सुख–सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से अवसंरचना का सृजन करना है, जिससे विशेषतया गरीबों और वंचितों सभी के जीवन स्तर में सुधार होगा। उच्चाधिकार प्राप्ति विशेषज्ञ समिति (एचपीईसी) द्वारा वर्ष 2011 के दौरान वर्ष 2009–10 की कीमतों पर 20 वर्ष की अवधि के लिए अपेक्षित धनराशियों का एक आकलन किया गया था। समिति ने यह आकलन किया कि शहरी अवसरंचना के निर्माण के लिए 39.2 लाख करोड रू0 की राशि अपेक्षित थी जिसमें शहरी सड़कों के लिए 17.3 लाख करोड़ रू0 और जलापूर्ति, सीवरेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और वर्षा जल निकासी जैसी सेवाओं के लिए 8 लाख करोड़ रू0 शामिल हैं। इसके अलावा, प्रचालन और अनुरक्षण (ओएंडएम) के लिए 19.9 लाख करोड़ रू0 का अलग से अनुमान लगाया गया था।

पूर्ववर्ती मिशन से प्राप्त अनुभव से यह पता चला है कि अवसंरचना सृजन का सभी परिवारों को जल और शौचालय कनैक्शन की सुलभता जैसी लोगों की वास्तविक आवश्यकताओं पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ेगा। इसका तात्पर्य यह है कि अवसंरचना सृजन पर मुख्य जोर हो जो लोगों को बेहतर सेवाएं मुहैया कराने से सीधे तौर पर जुडा हुआ है और इसका भारत के राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 09 जून, 2014 और 23 फरवरी, 2015 को संसद के संयुक्त सत्र के अपने अभिभाषण में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया।

अतः अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) का उद्देश्य (i) यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक परिवार को निश्चित जलापूर्ति और सीवरेज कनैक्शन सहित नल सुलभ हो (ii) हरित क्षेत्र और सुव्यवस्थित खुले मैदान (अर्थात पार्क) विकसित करके शहरों की भव्यता में वृद्धि करना और (iii) गैर–मोटरीकृत परिवहन (अर्थात पैदल चलना और साईकिल चलाना) के लिए सुविधाओं के निर्माण अथवा सार्वजनिक परिवहन को अपनाकर प्रदूषण को कम करना। ये सभी परिणाम नागरिकों विशेषतया महिलाओं के लिए महत्ता रखते हैं और शहरी विकास मंत्रालय द्वारा सेवा स्तरीय बैंचमार्क (एसएलबी) के रूप में संकेतक और मानक निर्धारित किए गए हैं।

तथापि, बेहतर परिणामों का प्रयास सभी को नल और सीवरेज कनैक्शन (सभी को शामिल करते हुए) प्रदान करने पर नहीं रूकेगा। सभी को सेवाएं प्रदान करने के बेंचमार्क का लक्ष्य प्राप्त करने के बाद क्रम दर क्रम प्रक्रिया का अनुसरण करके अन्य बैंचमार्क का लक्ष्य बनाया जाएगा। बैंचमार्क प्राप्त करने की ऐसी उत्तरोत्तर प्रक्रिया को **'इंक्रीमेंटलिज्म'** कहा जाता है। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि अन्य सेवा स्तरीय बैंचमार्क कम महत्वपूर्ण हैं, लेकिन उत्तरोत्तर वृद्धि प्रक्रिया में सेवा स्तरीय बैंचमार्क राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुसार धीरे–धीरे प्राप्त किए जाते हैं। शहरी परिवहन के क्षेत्र में, बैंचमार्क का उद्देश्य निर्माण करते समय शहरों में प्रदूषण को कम करना है और वर्षा जल निकासी की अनुरक्षण लागत कम होने की आशा है और अन्ततः शहरों में बाढ़ की समस्या को समाप्त करता है जिससे शहरों को अधिक लचीला बनाया जा सकेगा।

पहले, शहरी विकास मंत्रालय परियोजना–दर–परियोजना स्वीकृति प्रदान करता था। अमृत में इसका, शहरी विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष में एक बार राज्य वार्षिक कार्य योजना के अनुमोदन द्वारा प्रतिस्थापन किया गया है और राज्यों को अपने स्तर पर परियोजनाएं को स्वीकृति और अनुमोदन प्रदान करना होगा। इस प्रकार, अमृत राज्यों को परियोजनाओं की आयोजना और कार्यान्वयन में राज्यों को समान भागीदार बनाता हैं; अतः **सहकारी एकीकरण** की भावना झलकेगी।

मिशन को सफल बनाने के लिए एक सुदृढ़ सांस्थानिक संरचना मूल आधार है। अतः क्षमता निर्माण और सुधारों को मिशन में शामिल कर लिया गया है। सुधारों से सेवा सुलभता और संसाधन जुटाने में वृद्धि होगी और नगरपालिका के संचालन को अधिक पारदर्शी बनाएगा और पदाधिकारियों को अधिक जबावदेह बनाएंगे जबकि क्षमता निर्माण नगरपालिका पदाधिकारियों को अधिकार प्रदान करेगा और परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जा सकेगा।

## 1. प्रमुख क्षेत्र

1.1 **मिशन में निम्नलिखित प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा :**

i. जलापूर्ति,

ii. सीवरेज सुविधाएं और सेप्टेज प्रबंधन,

iii. बाढ़ को कम करने के लिए वर्षा जल नाले,

iv. पैदल मार्ग, गैर–मोटरीकृत और सार्वजनिक परिवहन सुविधाएं, पार्किंग स्थल, और

v. विशेषतः बच्चों के लिए हरित स्थलों और पार्कों और मनोरंजन केन्द्रों का निर्माण और उन्नयन करके शहरों की भव्यता बढ़ाना।

## 2. कवरेज

2.1 अमृत के अंतर्गत पांच सौ शहरों को शामिल किया जाएगा। शहरों की सूची की अधिसूचना उपयुक्त समय पर जारी की जाएगी। उन शहरों की श्रेणी जिन्हें अमृत में शामिल किया जाएगा, का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

i. छावनी बोर्ड (सिविलियन क्षेत्र) सहित अधिसूचित नगरपालिकाओं सहित एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले सभी शहर और कस्बे,

ii. 2.1 (i), में शामिल नहीं किए गए सभी राजधानी शहर/राज्यों के कस्बे/संघ राज्य क्षेत्र

iii. हृदय स्कीम के अंतर्गत शहरी विकास मंत्रालय के द्वारा विरासत शहरों के रूप में वर्गीकृत सभी शहर/कस्बे,

iv. 75000 से अधिक और 1 लाख से कम जनसंख्या वाले 13 शहरों और कस्बों जो मुख्य नदियों के किनारे पर हैं, और

v. पर्वतीय राज्यों, द्वीप समूहों और पर्यटन स्थलों से दस शहर (प्रत्येक राज्य) से एक से अधिक शहर नहीं)

## 3. मिशन घटक

3.1 अमृत के घटकों में क्षमता निर्माण, सुधार कार्यान्वयन, जलापूर्ति, सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन, वर्षा जल निकासी, शहरी परिवहन और हरित स्थल और पार्क शामिल हैं। आयोजन के दौरान, शहरी स्थानीय निकायों को भौतिक अवसरंचना घटकों में कुछ स्मार्ट विशेषताओं को शामिल करने का प्रयास करना होगा। मिशन घटकों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:–

### 3.1.1 जलापूर्ति

i. मौजूदा जलापूर्ति में वृद्धि करने जल शोधन संयंत्रों और सभी जगहों पर मीटर लगाने सहित वर्षा जल आपूर्ति प्रणाली,

ii. शोधन संयंत्रों सहित पुरानी जलापूर्ति प्रणालियों का पुर्नस्थापन,

iii. विशेषतया पेयजल आपूर्ति और भूमिगत जल पुनःभरण के लिए जलाशयों का पुनरुद्धार,

iv. उन क्षेत्रों सहित जिनमें जल की गुणवत्ता संबंधी समस्याएं है (उदाहरणार्थ आरसेनिक, फ्लोराइड) दुर्गम क्षेत्रों, पहाड़ी और तटीय शहरों के लिए विशेष जलापूर्ति प्रबंधन।

### 3.1.2 सीवरेज

i. मौजूदा सीवरेज प्रणालियों और सीवेज शोधन संयंत्रों के संवर्द्धन सहित विकेन्द्रीकृत, नेटवर्कबद्ध भूमिगत सीवरेज प्रणालियां,

ii. पुरानी सीवरेज प्रणालियों और शोधन संयंत्रों का पुनर्स्थापन,

iii. लाभकारी प्रयोजनों के लिए जल का पुनर्चक्रण और अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग।

### 3.1.3 सेप्टेज

i. मल गाद प्रबंधन–कम लागत पर सफाई, परिवहन और शोधन,

ii. सीवर और सेप्टिक टैंको की यांत्रिकी और जैविक सफाई और प्रचालन की पूरी लागत वसूली।

### 3.1.4 वर्षा जल निकासी

i. बाढ़ को कम करने और समाप्त करने के उद्देश्यों से नालों और वर्षा जल नालों का निर्माण और सुधार

### 3.1.5 शहरी परिवहन

i. अंतर्देशीय जल मार्ग (पोत/खाड़ी अवसरंचना को छोड़कर) के लिए जलयान और बस,

ii. गैर मोटरीकृत परिवहन (जैसे साईकिलों) के लिए फुटपाथ/पथ, पटरी, फुट ओवर ब्रिज,

iii. बहुस्तरीय पार्किंग,

iv. द्रुत बस परिवहन प्रणाली (बीआरटीएस)।

### 3.1.6 हरित स्थल और पार्क

i. बच्चा हितैशी घटकों के लिए विशेष प्रावधान के साथ हरित स्थल और पार्कों का निर्माण करना।

### 3.1.7 सुधार प्रबंधन और सहायता

i. सुधार कार्यान्वयन के लिए सहायता सरंचना, कार्यकलाप और वित्तपोषण सहायता,

ii. स्वतंत्र सुधार मॉनीटरिंग एजेंसियां।

### 3.1.8 क्षमता निर्माण

i. इसके दो घटक हैं– व्यक्तिगत और सांस्थानिक क्षमता निर्माण,

ii. क्षमता निर्माण मिशन शहरों तक सीमित नहीं होगा बल्कि अन्य शहरी स्थानीय निकायों तक भी इसका विस्तार किया जाएगा,

iii. नए मिशनों के साथ इसके रिएलायनमेंट के बाद व्यापक क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीसीबीपी)।

### 3.1.9 अस्वीकार्य घटकों की सांकेतिक सूची (सम्पूर्ण नहीं)

i. परियोजनाओं अथवा परियोजना संबंधित कार्यों के लिए भूमि की खरीद,

ii. राज्य सरकारों/शहरी स्थानीय निकायों दोनों के लिए स्टाफ के वेतन,

iii. विद्युत,

iv. दूरसंचार,

v. स्वास्थ्य,

vi. शिक्षा, और

vii. मजदूरी रोजगार कार्यक्रम और स्टॉफ घटक।

## 4. धनराशि का आबंटन

4.1 वित्त वर्ष 2015–16 से 5 वर्ष के लिए अमृत के लिए कुल परिव्यय 50,000 करोड़ रू0 है और मिशन को केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम के रूप में संचालित किया जाएगा। इसके बाद अमृत को शहरी विकास मंत्रालय द्वारा किए गए मूल्यांकन के आलोक में और मिशन में मिले अनुभव को शामिल करते हुए जारी रखा जाएगा। मिशन निधियों में निम्नलिखित चार भाग शामिल होंगें :

i. परियोजना निधि–वार्षिक बजटीय आवंटन के 80%

ii. सुधारों के लिए प्रोत्साहन–वार्षिक बजटीय आवंटन के 10%

iii. प्रशासनिक और कार्यालयी व्यय (ए एंड ओई) के लिए राज्य की निधि–वार्षिक बजटीय आवंटन के 8%

iv. प्रशासनिक और कार्यालयी व्यय (ए एंड ओई) के लिए शहरी विकास मंत्रालय की निधि–वार्षिक बजटीय आवंटन का 2%

तथापि, वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए परियोजना निधि वार्षिक बजटीय आवंटन का 90% होगी क्योंकि सुधारों के लिए प्रोत्साहन वित्तीय वर्ष 2016–17 से ही दिया जाएगा। मिशन निधियां राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निम्नलिखित सिद्धांतों के आधार पर आवंटित की जाएगी।

### 4.2 परियोजना निधि

प्रत्येक वर्ष के शुरूआत में परियोजना निधि राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के बीच विभाजित की जाएगी। वार्षिक बजटीय आवंटन की संवितरण के लिए एक समान फार्मूला का उपयोग किया जाएगा जिसमें प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (जनगणना 2011) के शहरी आबादी और राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के सांविधिक कस्बों की संख्या को बराबर (50:50) महत्व दिया गया है। चूंकि सांविधिक कस्बों की संख्या राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा अधिसूचित किया जाता है और मिशन अवधि के दौरान परिवर्तित किया जाएगा, प्रत्येंक वर्ष इस संख्या में परिवर्तन के फार्मूले को ध्यान में रखा जाएगा। आवंटित परियोजना निधि की राशि के बारे में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उपयुक्त समय पर सूचित किया जाएगा। परियोजना के लिए केन्द्रीय सहायता (सीए) अनुमोदित लागत (पैरा 9) के 20:40:40 की तीन किश्तों में होंगी।

### 4.3 सुधार के लिए प्रोत्साहन

मिशन का एक उद्देश्य सुधारों के माध्यम से शासन में सुधार लाना है। मिशन अवधि के दौरान 11 सुधारों का कार्यान्वयन किया जाएगा। सूची अनुलग्नुक 1 में दी गई है। राज्यों के लिए प्रोत्साहन के अनुदान निम्न सिद्धांतों से शासित होंगे।

i. पिछला अनुभव दर्शाता है कि यदि परियोजना निधि जारी करना अपूर्ण सुधारों से जुड़ जाता है तो परियोजना में विलंब हो जाता है। इसलिए अमृत देने के बजाय प्रोत्साहन प्रदान करता है। वार्षिक

बजट आबंटन के 10% को अलग रखा जाएगा और सुधारों को प्राप्त करने हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को प्रोत्साहन के रूप में दिया जाएगा। मिशन अनुवर्ती वित्तीय वर्ष (एफवाई) के शुरूआत में पूर्व वर्ष के लिए प्रोत्साहन देगा। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों अनुलग्नक 2 के तालिका 5.5 में दिए गए निर्धारित प्रक्रिया में स्व–आकलन करेंगे। राष्ट्रीय मिशन निदेशालय स्व–आकलन की प्राप्ति होने पर राज्यों को प्रोत्साहन के पुरस्कार की घोषणा करेंगे।

ii. प्रोत्साहन निधि एक अतिरिक्त धनराशि के रूप में है जो शहरी विकास मंत्रालय द्वारा मुहैया किया जाएगा और राज्य/शहरी स्थानीय निकाय द्वारा कोई समान निधि दिए जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

iii. राज्य उच्च अधिकार प्राप्त समिति (एसएचपीएससी) प्रोत्साहन राशि के उपयोग का निर्णय करेगी। प्रोत्साहन अवार्ड का उपयोग नई परियोजनाओं सहित अमृत के स्वीकार्य घटकों पर मिशन शहरों में किया जाएगा। एसएचपीएससी शहरी विकास मंत्रालय को परियोजनाओं पर प्रोत्साहन निधि के उपयोग के बारे में सूचना प्रदान करेगी।

iv. प्रोत्साहन राशि को अमृत में परियोजना के राज्य अंश के रूप में उपयोग नहीं किया जा सकता लेकिन शहरी स्थानीय निकायों द्वारा उनके परियोजना वित्तपोषण के लिए उपयोग किया जा सकता है।

v. सुधार हेतु अनुपयुक्त निधियों को प्रत्येक वर्ष में परियोजना निधि में परिवर्तित किया जाएगा।

### 4.4 राज्य निधि (प्रशासनिक एवं कार्यालयी व्यय)

i. निधियां सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को पैरा 4.2 में दिए गए समान सूत्र के आधार पर आवंटित किए जाएंगे।

ii. इन निधियों के उपयोग की सिफारिश एसएचपीएससी द्वारा की जाएगी और राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) का एक भाग तैयार किया जाएगा।

iii. इस निधि को क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के लिए उपयोग किया जाएगा और वाहनों की खरीद, भवनों का निर्माण और रखरखाव, पदों के सृजन, वेतन का भुगतान और साज–समान के खरीद आदि के लिए उपयोग नहीं किया जाएगा।

iv. सभी स्तरों पर मिशन के कार्यान्वयन में सहायता के लिए संविदा पर व्यावसायिकों तथा सहायक दलों की भर्ती स्वीकार्य होगी जैसा कि दिशा–निर्देशों तथा निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रियाओं को अपनाने के पश्चात निर्धारित किया जाए।

v. क्षमता निर्माण के लिए निधियाँ उपर्युक्त परियोजना निधियों के लिए दिए गए समान किश्तों में जारी की जाएगी।

vi. सेवा के रूप में ई–म्यूनिसिपल्टी (ई–मास) से संबंधित गतिविधियां आरंभ करना।

vii. अमृत मिशन के लोगो और टैगलाइन को सभी परियोजनाओं पर प्रमुखता से प्रदर्शित करना।

viii. चालू व्यापक क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीसीबीपी) और स्वतंत्र समीक्षा और निगरानी एजेंसियों (आईआरएमए) सहित मिशन कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करने वाली संस्थागत व्यवस्थाएं इस निधि से वित्त पोषण किए जाने हेतु पात्र होंगी।

### 4.5 शहरी विकास मंत्रालय की निधि (प्रशासनिक और कार्यालयी व्यय)

i. निधि राष्ट्रीय मिशन निदेशालय स्तर (शहरी परिवहन प्रभाग सहित) पर क्षमता निर्माण मिशन निदेशालय, राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय कार्यशालाओं के आयोजन, पुरस्कार प्रदान करने और उत्तम व्यवहार के पहचान, उत्तम व्यवहारों का उन्नयन और पुनः प्रयोग और स्मार्ट समाधान, क्षमता निर्माण और प्रौद्योगिकी विकास हेतु उत्कृष्टता केन्द्रों और अन्य संस्थाओं एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से अनुसंधान और संबंद्ध अध्ययन प्रारंभ करना आदि के लिए उपयोग किया जाएगा।

ii. ई–मास से संबंधी गतिविधियां आरंभ करना।

iii. किसी भी अन्य उद्देश्यों के लिए इन निधियों के उपयोग के संबंध में शीर्ष समिति द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

## 5. वित्तपोषित किए जाने वाले घटक

5.1 परियोजना की वित्तपोषण पद्धति निम्नानुसार है जिसमें केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/शहरी स्थानीय निकाय/निजी क्षेत्र का अंश दर्शाया गया है।

| क.सं. | घटक | वित्त–पोषण पद्धति |
|---|---|---|
| 1 | जलापूर्तिः<br>• नए, जलापूर्ति प्रणाली का संवर्द्धन और पुनर्स्थापन।<br>• जलापूर्ति के लिए जल निकायों का नवीकरण और भू–जल के पुनर्भरण।<br>• दुर्गम क्षेत्रों, पहाड़ी और तटीय शहरों हेतु विशेष प्रबंधन। | • 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के लिए भारत सरकार से अनुदान के रूप में परियोजना लागत की एक–तिहाई।<br>• 10 लाख तक आबादी वाले शहरों/कस्बों के लिए अनुदान के रूप में परियोजना लागत का आधा।<br>• राज्य सरकारों/शहरी स्थानीय निकायों अथवा निजी निवेश के माध्यम से शेष राशि वित्तन पोषण।<br>निविदा में उपयोक्ता प्रभारों के आधार पर पांच वर्ष के लिए प्रचालन और अनुरक्षण लागत शामिल होंगे। परियोजना लागत के आकलन के लिए प्रचालन और अनुरक्षण लागत छोड़ दी जाएगी; तथापि राज्य/शहरी स्थानीय निकाय, अपने को आत्मनिर्भर और लागत प्रभावी बनाने के लिए उचित लागत वसूली तंत्र के माध्यम से प्रचालन और अनुरक्षण का वित्तपोषण करेंगे।<br>एसएलआईपी (पैरा 6 देखें) में सभी परिवारों के जल और सीवरेज कनेक्शन का प्रावधान पहले प्रदान किया जाएगा। |
| 2 | सीवरेज :<br>• नए सीवरेज प्रणालियों और शोधन संयंत्रों का संवर्धन और पुनर्स्थापन।<br>• लाभकारी उद्देश्यों के लिए जल का पुनःचक्रण और<br>• अपजल का पुनःउपयोग। | |
| 3 | सेप्टेज :<br>• मलगाद प्रबंधन (सफाई, ढुलाई और शोधन), सेप्टिक टैंकों और सीवरों का विशेषतः यांत्रिक और जैविक सफाई। | |
| 4 | वर्षा जल नाले :<br>• नालियों और वर्षा जल नालों का निर्माण और सुधार। | |
| 5 | शहरी परिवहनः<br>• साईड बॉक्स, फुट ऑवर ब्रिज, गैर–मोटरीकृत परिवहन, बसें, बीआरटीएस, बहु–स्तरीय पार्किंग, जल मार्ग और नौका वाहिकाओं। | |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | • हरित स्थान और शिशु–अनुकूल घटकों हेतु विशेष प्रावधान के साथ पार्कों का विकास/पार्कों के लिए शहरी स्थानीय निकायों को स्थानीय निवासी भागीदारी के साथ–रखरखाव हेतु प्रणाली का स्थापना करना होगा। | भारत सरकार द्वारा परियोजना लागत का आधा और इन परियोजनाओं पर कुल व्यनय राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) के 2.5% से अधिक नहीं होगी। |
| 7 | • क्षमता निर्माण और सुधारों का समर्थन | शीर्ष समिति द्वारा निर्धारित मौजूदा मानदंडों और इकाई लागतों के आधार पर भारत सरकार द्वारा पूरा (100%) |
| 8 | • ए एंड ओई (पीएमयू/पीआईयू/डीपीआर लागत, आदि) | |

## 6. सेवा स्तरीय सुधार योजनाओं (एसएलआईपी) की तैयारी

6.1 जलापूर्ति और सीवरेज (सेप्टेज़ सहित) के साथ सभी परिवारों को शामिल करना इसका प्राथमिक उद्देश्य है। इसके लिए अनुलग्नक 2 के भाग 2 में दिए गए अनुसार सेवा स्तरीय सुधार योजना (एसएलआईपी) प्रत्येक यूएलबी को तैयार करने हैं और कार्यनीतिक कदम नीचे दिए गए हैं।

6.2 **सेवा स्तरीय अंतराल का मूल्यांकन करना:** अमृत राज्यों/शहरी स्थानीय निकायों के साथ जलापूर्ति तथा सीवरेज़ पर उपलब्ध आकड़ों, सूचनाओं तथा योजनाओं पर तैयार की गई है। यदि हम इस जोन को जलापूर्ति तथा सीवरेज़ की सीमा के वर्तमान स्तर के लिए आधार इकाई के रूप में लेते हैं तो इस जोन में परिवारों की संख्या, जिनक पास नल टोंटी/सीवरेज कनेक्शन है तथा जिनके पास ये सुविधाएं नहीं है, को जनगणना (2011) अथवा शहरी विकास मंत्रालय[1] द्वारा कराए गए आधारभूत सर्वेक्षण से लिया जाएगा। (कोई नया बेसलाइन सर्वेक्षण नहीं किया गया है तथा राज्य/शहरी स्थानीय निकाय पूर्ववर्ती बेसलाइन को स्वीकार/ संलग्न करें)। क्षेत्र–वार अंतरालों को यूएलबी में जलापूर्ति तथा सीवरेज में सेवा स्तरीय अंतरालों तक पहुंचने के लिए जोड़ा जाएगा।

6.3 **अंतराल को भरना** : जल तथा सीवरेज/सेप्टेज़ कनेक्शन वाले परिवारों की वर्तमान संख्या की तुलना में कुल परिवारों की संख्या के बीच के अंतराल की एक बार गणना हो जाने पर, जलापूर्ति तथा सीवरेज़ के शीर्ष के अंतर्गत पैरा 3 में वर्णित घटकों के एक या अधिक का प्रयोग करते हुए अंतरालों को भरने के लिए योजनाओं को तैयार किया जाएगा। एक क्षेत्र में सभी परिवारों को शामिल किया जाएगा तथा जलापूर्ति और सीवरेज़ के लिए यह कार्य पृथक रूप से किया जाए तथा यह एसएलआईपी का भाग होगा (तालिका 2.1, अनुलग्नक 2)

6.4 **विकल्पों का मूल्यांकन** : शहरी स्थानीय निकाय को उनके पास उपलब्ध विकल्पों की जांच करनी होगी। उदाहरण के लिए, एक राज्य/शहरी स्थानीय निकाय की वितरण में अंतराल को भरने की आवश्यकता हो सकती है। अन्य राज्य/शहरी स्थानीय निकाय के पास दूरस्थ जल स्त्रोतों तक अनेक समुदायों को जोड़ने के लिए सार्वजनिक ग्रिड की आवश्यकता हो सकती है। सीवरेज में, कुछ राज्य/शहरी स्थानीय निकाय केन्द्रीकृत एवं विकेन्द्रीकृत प्रणालियों के योग का चयन कर सकते हैं। इनके अलावा, सीवरेज तंत्र प्रणालियों की लागत पर विचार कर, कुछ शहरी स्थानीय निकाय कुशल सेप्टेज़ प्रबंधन प्रणालियों का चयन कर सकते हैं। इसलिए, सभी के लिए एक समान दृष्टिकोण उपयुक्त नहीं होगा तथा कम संसाधनों के साथ अधिक करने के लिए विकल्पों का सृजन किया जाए और इसे इस प्रकार किया जाए कि यह लाभ लोगों तक नल और शौचालय के रूप में पहुंचे।

[1] शहरी जल तथा स्वच्छता क्षेत्र (2012), स्थिति रिपोर्ट (2010–11), शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार में सेवा स्तर देखें।

6.5 **लागत का अनुमान :** प्रत्येक परियोजना की लागत (पूंजीगत तथा प्रचालन और अनुरक्षण दोनो) ऑन–लाइन (या सार) अनुमानों के आधार पर तैयार की जाएगी। प्रत्येक यूएलबी (तालिका 2.1, अनुलग्नक 2 देखें) तथा संपूर्ण राज्य (तालिका 3.1, अनुलग्नक 2 देखें) के लिए महत्वपूर्ण परिणाम **जलापूर्ति तथा सीवरेज (मास्टर प्लान) हेतु सर्वांग व्याप्ति हासिल करने के लिए निधियों की कुल आवभयकता होगी।** जेएनएनयूआरएम में निर्धारित सभी प्रासंगिक तथा उपयुक्त तकनीकी तथा वित्तीय मानक अमृत मिशन में लागू होंगे; कोई भी आकस्मिकताएं अथवा लागत वृद्धि स्वीकार्य नहीं होगी तथा किसी भी अपूर्ण अथवा पहले से चालू परियोजनाओं को इसमें शामिल नहीं किया जाएगा।

6.6 **प्राथमिकीकरण :** केन्द्र सरकार अधिकतम धनराशि उपर्युक्त पैरा 5 में दी गई परियोजना वित्तपोषण के अनुसार देगी। यदि एक वर्ष के भीतर सार्वभौमिक कवरेज को प्राप्त करने के संसाधन उपलब्ध हैं तब शहरी स्थानीय निकाय ऐसा प्रस्ताव करेगी। तथापि, यदि यूएलबी में सार्वभौमिक कवरेज को प्राप्त करने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं और मिशन को अनेक वर्षों में कार्यान्वत किया जाना है तो यूएलबी मिशन के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ तथा पांचवें वर्ष में शुरू किए जाने वाले क्षेत्रों की प्राथमिकता तय करेगा। सार्वभौमिक कवरेज को सीवरेज के बाद जलापूर्ति के साथ शुरू किया जाएगा। निधियों की उपलब्धता के आधार पर जलापूर्ति तथा सीवरेज की सार्वभौमिक कवरेज साथ–साथ भी की जा सकती है। सार्वभौमिक व्याप्ति के प्राप्त हो जाने के पश्चात राज्य/यूएलबी अगली प्राथमिकता का निर्णय करेंगे–शहरी स्थानीय निकाय वर्षा जल निकासी के निर्माण अथवा शहरी परिवहन के निधियन का निर्णय कर सकता है जो इस पर निर्भर करेगा कि स्थानीय प्राथमिकता क्रमिक बाढ़ को कम करना है अथवा वाहन–जनित प्रदूषण को घटाना है। कुल मिलाकर, जल और सीवरेज की सार्वभौमिक कवरेज एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है तथा राज्यों/शहरी स्थानीय निकायों द्वारा प्राप्त किया जाने वाला प्रथम लक्ष्य है।

6.7 तथापि, उपर्युक्त पैरा 5 में दिए गए अनुसार वार्षिक आवंटन का 2.5 प्रतिशत तक बच्चों के अनुकूल विशेषताओं वाले उद्यानों के विकास में प्रयोग किया जाए जिसमें साथ ही साथ स्थानीय इच्छुक हितधारकों को निधियों तथा पदाधिकारियों के साथ उद्यान अनुरक्षण सौंपने का दिशा–निर्देश तैयार करना हो। अमृत में यह भी एक सुधार है।

6.8 **लीक से हटकर सोच :** यूएलबी द्वारा एसएलआईपी तैयार करने के दौरान पूर्व के निर्णयों में बदलाव किया जाना चाहिए। उदाहरण स्वरूप भारी पूंजी तथा विद्युत उपभोग लागत लगाकर लंबी दूरी से पानी को पंप करने के स्थान पर, राज्य/शहरी स्थानीय निकाय विकल्पों , जैसे कि–जल पुनर्चक्रण तथा पुनः उपयोग की जांच की जानी चाहिए। मानदंड यह है कि शहरी स्थानीय निकायों में जनित अपशिष्ट : जल का कम से कम 20% पुनः चक्रित की जाए तथा अपेय जल के प्रयोग हेतु जल पुनर्चक्रण के मानक पहले ही निर्धारित कर दिए गए हैं। अधिक कुशल जल प्रणाली का अन्य माध्यम बेहिसाब जल (गैर–राजस्व जल) को 20% से कम तक कम करना है जो राज्यों/यूएलबी द्वारा किए जाने वाले सुधारों का एक अंग है तथा अमृत में इसे सहायता प्राप्त है।

6.9 तकनीकी अनुमानों के डिजाइन व तैयारी के दौरान, निम्न लागत विकल्पों (किफायती अभियांत्रिकी) को प्राथमिकता दी जाएगी तथा स्मार्ट समाधानों का प्रयोग लागतों को घटाने तथा सेवा को बेहतर बनाने के लिए किया जाय। प्रगत संगणन विकास केन्द्र (सी–डैक) द्वारा विकसित स्मार्ट समाधानों की सूची अनुलग्नक–3 में दिए गए है।

6.10 **शर्तें :** भूमि की अनुपलब्धता अथवा विलंब से उपलब्धता पूर्ववर्ती मिशन में परियोजनाओं के विलंब के प्रमुख कारकों में से एक थे। एक अन्यन संबंद्ध मामला अन्य विभागों से स्वीकृति प्राप्त करना रहा है। **इसलिए,**

**अमृत परियोजना में उन परियोजनाओं को शामिल नहीं किया जाए जिनमें भूमि उपलब्ध न हो तथा कोई भी परियोजना कार्य आदेश जारी नहीं किए जाए यदि सभी विभागों से सभी स्वीकृतियां उक्त तिथि तक प्राप्त नहीं कर ली गई हैं।** इसके अतिरिक्त, राज्य/शहरी स्थानीय निकाय भूमि खरीद की लागत को वहन करेंगे। अंततः, अमृत निधि का प्रयोग जेएनएनयूआरएम के कुछ घटकों को पूर्ण करने हेतु न किया जाए जिन्हें प्रस्तुत किए गए परियोजना रिपोर्ट में अपूर्ण के रूप में दिखाया गया था तथा जिन्हें शहरी विकास मंत्रालय ने अनुमोदन प्रदान किया था। उदाहरण स्वरूप यदि जेएनएनयूआरएम अनुदानों का प्रयोग करते हुए मुख्य लाइनें बिछाई गई हैं वो नलों की व्यवस्था करना इस परियोजना का भी एक भाग थी परन्तु शहरी स्थानीय निकाय द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई है तब ऐसे रह गए भाग अमृत में वित्तपोषण के पात्र नहीं हैं।

6.11 **लचीलापन** : आपदाओं के विरूद्ध लचीलेपन को समाविष्ट करना तथा परियोजनाओं को सुरक्षित करना इसके एसएलआईपी को तैयार करने के चरण, विशेषतः उपेक्षित तथा गरीबों के लिए, और परियोजना विकास चरण में किया जाएगा जिनमें आपदा–रोधी अभियांत्रिकी तथा संरचनात्मक मानकों को डिजाइन में शामिल किया जाएगा। इसे राज्यों/यूएलबी एसएएपी तैयार करते समय पुनः सुनिश्चित करेंगे।

6.12 **वित्त–पोषण** : प्रचालन और अनुरक्षण लागत सहित परियोजनाओं का वित्तपोषण एसएलआईपी का एक प्रमुख पहलू है। प्रत्येक विकल्प के लिए पूंजी लागत तथा प्रचालन और अनुरक्षण लागत का अनुमान लगाया जाए। वित्त के अन्य स्रोतों की भी पहचान की जाए। यूएलबी स्तर पर आंतरिक स्रोतों (अर्थात करों, शुल्कों, अन्य), बाह्य स्रोतों (अर्थात राज्यों से अंतरण, केन्द्र/राज्य सरकारों से परियोजना धनराशि अन्य) तथा ऋण, बांडों तथा अन्य की संभावनाओं का भी मूल्यांकन किया जाना आवश्यक है। अतिरिक्त लागत का भार वहन करने के लिए नागरिकों को प्रेरित करना एक चुनौती है। एक रास्ता एक रिहायशी क्षेत्र के लिए परियोजना निधियन हेतु ऋण लेना है तथा संपत्ति कर में वृद्धि करके ऋण का भुगतान करना है अर्थात केवल उसी रिहायशी क्षेत्र में 10 वर्ष में इसे कर संवर्द्धन वित्तपोषण (टीआईएफ) कहा जाता है।

6.13 अमृत के साथ अन्य केन्द्रीय और राज्य सरकार कार्यक्रमों/स्कीमों के साथ मिलाकर निधियों का समांजस्य स्थापित करना वित्तपोषण का एक और स्रोत भी है। एसएलआईपी को स्वयं के तैयार करने के चरण पर शहरों को, नगरों को स्मार्ट सिटी मिशन, स्वच्छं भारत मिशन (एसबीएम), राष्ट्रीय विरासत नगर विकास और संवर्धन योजना (एचआरआईडीएवाई), डिजिटल भारत, कौशल विकास, नमामी गंगे, सब के लिए आवास आदि के साथ सम्मेलन करना चाहिए।

6.14 **सुधार** : सुधारों का कार्यान्वयन एसएलआईपी का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। यूएलबी को सुधारों का एक खाका तैयार करना होगा जिसे राज्य मिशन निदेशालय द्वारा समेकित करके एसएपी के एक भाग के रूप में शामिल किया जायेगा। कुछ सुधारों में अन्य सुधारों की अपेक्षा अधिक धनराशि की आवश्यकता होती है। प्रयोक्ता प्रभारों, सम्पत्ति कर, शुल्क इत्यादि का मूल्यांकन और संग्रहण ऐसे कार्यकलापों के उदाहरण हैं जिनके लिए अतिरिक्त निधियों की बहुत कम मामलों में आवश्यकता होती है। यदि सुधारों के कार्यान्वयन के लिए निधियों की जरूरत पड़ती है तो उनका निर्धारण (i) अमृत के अनुमत संघटकों, (ii) राज्य ए एण्ड ओई निधियां, अथवा (iii) विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित शहरी विकास के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम से किया जा सकता है। ये सभी एसएएपी का एक भाग होने चाहिए, लेकिन, एसएलआईपी और एसएएपी तैयार करते समय दोहराव और अत्यधिकता से बचना चाहिए (अनुलग्नक 2 और 7)।

## 7. राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी)

7.1 एसएएपी के लिए बुनियादी बिल्डिंग ब्लॉक यूएलबी द्वारा तैयार की गई एसएलआईपी होगी। राज्य स्तर पर, सभी मिशन शहरों के एसएलआईपी को एसएएपी में एकीकृत कर दिया जाएगा। इसलिए बुनियादी तौर पर एसएएपी राज्य स्तरीय सुधार योजना है जो परिवारों को जलापूर्ति और सीवरेज कनैक्शनों में वर्ष–वार सुधार को दर्शायेगा।

7.2 **प्राथमिकीकरण के सिद्धांत** : राज्य अन्तर विश्लेषण, और यूएलबी की वित्तीय स्थिति के आधार पर अन्तपर–यूएलबी आबंटन के बारे में भी निर्णय करेंगे और पहले वर्ष में उन यूएलबी का चयन करेंगे जहां जलापूर्ति और सीवरेज के प्रावधानों में काफी अन्तर होगा। वित्तपोषण के लिए यूएलबी की प्राथमिकता का निर्धारण स्थानीय संसद सदस्यों, महापौरों और संबंधित यूएलबी के आयुक्तों से परामर्श करने के बाद किया जायेगा। वित्तीय रूप से कमज़ोर यूएलबी का काफी हद तक वित्तपोषण किया जा सकता है। शहरी गरीबों के अधिक अनुपात वाले शहरी स्थानीय निकायों को अधिक अंश मिलेगा। इसके अतिरिक्त, संभावित स्मार्ट सिटीज़ को प्रथम प्राथमिकता दी जायेगी क्योंकि स्मार्ट सिटी मिशन और अमृत एक–दूसरे के अनुपूरक हैं। राज्यों द्वारा प्राथमिकीकरण और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर, राज्य एसएएपी को 2015–16 के दौरान राज्य को आबंटित केन्द्रीय सहायता (सीए) का तीन गुणा (क्योंकि परियोजना को पूरा होने में तीन वर्ष लगने की संभावना है और वित्तपोषण भी तीन किस्तों में किया जाना है) और पिछले वर्ष की बकाया सीए तथा बाद के वर्षों में वर्ष का वार्षिक आबंटन जारी करेंगे। परिणामस्वरूप, राज्य के भीतर विभिन्न यूएलबी भिन्न–भिन्न वित्त पोषण प्रतिमान के पात्र होंगे, परन्तु केन्द्र का हिस्सा नियत रहेगा जैसाकि इन दिशानिर्देशों में दिया गया है।

7.3 **प्रचालन और अनुरक्षण का महत्व:** पिछले कार्यक्रमों के अनुभवों ने दर्शाया है कि, एक बार परियोजना पूरी हो जाने पर, यूएलबी सृजित अवसंरचनात्मक परिसम्पत्तियों का प्रचालन और अनुरक्षण करने की ओर बहुत कम ध्यान देते हैं। इसलिए एसएएपी में शहरी विकास मंत्रालय के लिए प्रस्तावित की जा रही परियोजनाओं में कम से कम पांच वर्षों तक ओ एण्ड एम का वित्त पोषण शामिल है और इसे प्रयोक्ता प्रभारों अथवा अन्य राजस्व साधनों की उगाही से पूरा किया जायेगा। लेकिन, परियोजना लागत के परिकलन के लिए प्रयोजन हेतु, ओ एण्ड एम लागत को शामिल नहीं किया जायेगा। राज्य/यूएलबी उपयुक्त लागत वसूली तंत्र के माध्यम से ओ एण्ड एम का वित्तपोषण करेंगे ताकि उन्हें आत्म–निर्भर और किफायती बनाया जा सके।

7.4 **परियोजनाओं का वित्तपोषण** : वित्तपपोषण एसएएपी का एक महत्वपूर्ण तत्व है। पैरा 5 में दी गई तालिका दर्शाती है कि केन्द्र सरकार द्वारा अधिकतम अंश दिया जायेगा। राज्यों/यूएलबी को एसएएपी की तैयारी के समय शेष संसाधनों का सृजन करना पड़ेगा। नगरों का वित्तीय अंश राज्य भर में अलग–अलग होगा। कुछ राज्यों में, यूएलबी अन्य राज्यों के यूएलबी की तुलना में परियोजना लागत में महत्वपूर्ण योगदान देने की स्थिति में होते हैं। तदनुसार, राज्यों को एसएएपी बनाते समय यह निर्णय लेना होगा कि शेष वित्तपोषण (केन्द्र सरकार के अंश के अतिरिक्त) राज्य, यूएलबी और स्टेट/यूएलबी द्वारा पता लगाये गए अन्य स्रोतों (अर्थात पीपीपी, बाजार ऋण) में कैसे बांटा जायेगा। **लेकिन, एसएएपी में राज्य का योगदान कुल परियोजना लागत का 20% से कम नहीं होगा।**

7.5 महत्वपूर्ण है कि, राज्य स्तर पर एसएएपी में केवल वही परियोजनाएं शामिल की जायेंगी जहां सम्पूर्ण परियोजना लागत पूर्णतः राजस्व स्रोतों से संबद्ध होगी। इसमें केन्द्र और राज्य सरकारों के अन्य क्षेत्रों और वित्तीय कार्यक्रमों का जोड़ा जाना भी शामिल होगा। वित्तीय मध्यस्थ सृजित करना एक लाभदायक तरीका, और अमृत में सुधार भी है, जिससे सभी स्रोतों से निधियों को जुटाया जा सके और यूएलबी को

समय पर निधियां जारी की जा सकें। ऐसा मध्यस्थ, वित्त के बाहरी स्रोतों, जैसे ऋण और बांड, पर पहुंच बनाने में भी सक्षम हो, क्योंकि छोटे और वित्तीय रूप से कमजोर यूएलबी वहां पहुंचने में असमर्थ होते हैं। म्यूनिसिपल–बाण्डों के लिए सेबी द्वारा विनियमों के प्रख्यापित करने से संभावित स्रोतों का ऐसे मध्यस्थ द्वारा पूर्णतः साकार किया जा सकता है। एसएएपी के विकास की प्रक्रिया के दौरान राज्य/संघ शासित प्रदेश को सार्वजनिक–निजी–भागीदारी (पीपीपी) के प्रयोग की संभावनाओं का पता लगाना चाहिए, कि क्या यह अधिमानतः निष्पादन मॉडल होना चाहिए। पीपीपी को सुदृढ़ नागरिक फीडबैक के साथ उपयुक्त सेवा स्तरीय करारों (एसएलए) को इसमें शामिल करनी चाहिए। यह जन–सार्वजनिक–निजी भागीदारी (पीपीपीपी) मॉडल की अगुवाई करेगा।

7.6 **एसएएपी का अनुमोदनः** एसएएपी का अनुमोदन शहरी विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष में एक बार शीर्ष समिति द्वारा दिये गए कार्यक्रम के अनुसार किया जायेगा। शीर्ष समिति एसएएपी को संशोधित कर सकती है और शर्तों के साथ अनुमोदित या अन्तरों को पाटने के लिए लौटा भी सकती है। **अमृत राज्यों के माध्यम से यूएलबी को परियोजना राशि उपलब्ध** करायेगा। शहरी विकास मंत्रालय द्वारा एसएएपी के मूल्यांकन की कुछेक मानदण्ड निम्नवत् हैं :–

(i) राज्य सरकार ने सेवा स्तरीय अंतरालों का किस निपुणता से पता लगाया है ?

(ii) राज्य ने पूंजीगत व्यवय का किस निपुणता से नियोजन और वित्तापोषण किया है ?

(iii) राज्य कितनी भली–भांति जलापूर्ति और सीवरेज/सैप्टेज के सार्वभौम कवरेज की उपलब्धि और तत्पश्चात इन दोनों क्षेत्रों और शहरी परिवहन तथा वर्षा जल निकास निर्माण के अन्य मानकों की ओर बढ़ा है ?

(iv) केन्द्र सरकार से वित्तीय समर्थन का प्रत्याशित स्तर क्या है और राज्य/यूएलबी ने कितनी अच्छी तरह से वित्तपोषण के अन्य स्रोतों का पता लगाकर उन तक पहुँच बनायी है ?

(v) यूएलबी की जरूरतों की कैसे निष्पक्षता और समानता से विधिवत विचार किया गया है ?

(vi) क्या नागरिकों, स्थानीय संसद सदस्यों और अन्य जन प्रतिनिधियों सहित सभी हितधारकों के साथ पर्याप्त परामर्श किया गया है ?

## 8. कार्य निष्पादन

8.1 **परियोजनाओं का निष्पादन यूएलबी द्वारा किया जायेगा।** यूएलबी के पास परियोजना के कार्यान्वयन की पर्याप्त क्षमता न होने की सूरत में यूएलबी द्वारा एक संकल्प पारित करने पर राज्य सरकार एसएएपी में यह सिफारिश कर सकती है कि परियोजना का निष्पादन राज्य अथवा केन्द्र सरकार की विशिष्ट पैरास्टेटल एजेंसियों द्वारा किया जाएगा। ऐसी व्यवस्था राज्य सरकार, विशिष्ट पैरास्टेटल एजेंसी और संबंधित नगरपालिका के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता करार (एमओयू) के माध्यम से निष्पादित की जानी चाहिए। ऐसे मामले में, यूएलबी की क्षमता को अमृत के क्षमता निर्माण संघटक द्वारा बढ़ाया जा सकता है। इस प्रकार सृजित परिसम्पत्तियों का अनुरक्षण और रखरखाव की जिम्मेदारी यूएलबी और राज्य सरकार की होगी।

8.2 शहरी विकास मंत्रालय, परियोजना–दर–परियोजना अनुमोदन अथवा परियोजना डीपीआर को तकनीकी मंजूरी नहीं देगा, इन कार्यकलापों के लिए राज्य/संघशासित प्रदेश ही उत्तरदायी होंगे। शहरी विकास मंत्रालय ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सीवरेज, जलापूर्ति, शहरी परिवहन आदि पर व्यापक मैनुअल तैयार किया है, और दिशानिर्देश तथा परामर्शिकाएं जारी की हैं। राज्य स्तरीय तकनीकी समिति (एसएलटीसी) इन तकनीकी

दस्तावेजों का अनुपालन सुनिश्चित करेगी। नीचे दिया गया अनुक्रम चार्ट अमृत  की आयोजना, अनुमोदन और कार्यान्वयन की पूरी प्रक्रिया का ब्यौरा देता है।

1. शीर्ष समिति राज्यों को वार्षिक बजट आबंटित करती है।
2. एसएचपीएससी शहर में सभी को जलापूर्ति और सीवरेज कनेक्शन प्रदान करने हेतु शहर स्तरीय सेवा स्तर सुधार योजनाएं (एसएलआईपी) तैयार करवायेगी।
3. एसएलआईपी को राज्य वार्षिक कार्य योजनाएं (एसएएपी) बनाने के लिए एकत्र किया गया है।
4. शीर्ष समिति एसएएपी का मूल्यांयकन और अनुमोदन करती है।
5. निष्पादन शुरू होता है।
6. शहरी स्थानीय निकाय एसएचपीएससी द्वारा पहचान की गई परियोजनाओं के लिए डीपीआर को अनुमोदित करवाते हैं, जिनका एसएलटीसी द्वारा तकनीकी रूप से मूल्यांकन किया जाता है
7. विस्तृत परियोजना रिपोर्टों के विस्तृत तकनीकी और वित्तीय मूल्यांकन के पश्चात कार्यान्वयन शुरू होता है ।

8.3 परियोजनाओं के धीमे कार्यान्वयन के लिए पता लगाए गए कुछेक घटक परियोजना के डिजाइन, निविदा की प्रक्रिया, विलंब के कारण, लागत में वृद्धि और निविदा मंगाने तथा उनको तय करने तथा अनुमोदित लागत में भिन्नता और विस्तृत परियोजना रिपोर्टों में दर्शाई गई लागत से संबंधित है। इन कठिनाईयों पर काबू पाने के लिए राज्यों/शहरी स्थानीय निकायों को एक दृष्टिकोण का अनुपालन करना चाहिए जिसमें विदेशी संस्थाओं द्वारा शहरी स्थानीय निकायों/राज्यों को परियोजना डिजाइन, विकास कार्यान्वयन और प्रबंधन के लिए आद्योपान्त सहायता प्रदान की जाती है। विशिष्ट तौर से यह सहायता एसएलआईपी, एसएएपी, डीपीआर इत्यादि को तैयार करने के लिए दी जाएगी। विदेशी संस्थाओं को परियोजना विकास और प्रबंधन परामर्शदाता (पीडीएमसी) कहा जाएगा। विदेशी संस्थाओं द्वारा आद्योपान्त सहायता प्रदान करने के लिए कार्य के एक माडल क्षेत्र का ब्यौरा अनुलग्नक 8 में दिया गया है और यह राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को पीडीएमसी क्रय करने के लिए समर्थ बनाएगा। इस मिशन टूलकिट में प्रस्तावों के लिए माडल अनुरोध (आरएफपी) भी उपलब्ध हैं।

## 9. निधियां जारी करना

9.1 निधियों को 20:40:40 की तीन किस्तों में जारी किया जाएगा। इन निधियों को कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा पृथक बैंक खाते में रखा जाएगा जैसा कि पहले के मिशन में किया गया था। अमृत की घोषणा के तत्काल पश्चात, प्रत्येक मिशन शहर को एसएलआईपी/व्यक्तिगत क्षमता निर्माण तैयार करने के लिए 25 लाख रूपए का अग्रिम दिया जाएगा जो प्रशासनिक और कार्यालय व्यय की निधियों के शहरी स्थानीय निकाय के हिस्से से आएगा और उसको पहली किस्त को जारी करने के समय पर इसके हिस्से में समायोजित किया जाएगा।

9.2 शीर्ष समिति द्वारा एसएएपी के अनुमोदन के तत्काल पश्चात पहली किस्त जारी की जाएगी। दूसरी और तीसरी किस्त (i) प्राप्तांक कार्ड (ii) उपयोग प्रमाण–पत्र और(iii)परियोजना की निधियों हेतु अनुरोध प्राप्त होने पर जारी की जाएंगी। शहरी स्थानीय निकायों द्वारा राज्य मिशन निदेशकों को अनुलग्नक 6.1 और 7.3 (क्षमता निर्माण प्रगति) में दिए गए अनुरोध प्रपत्र भेजे जाएंगे। क्रय में राज्य मिशन निदेशक इनके अनुरोधों को समेकित करेंगे और अनुलग्नक 6.2 और 7.4 (क्षमता निर्माण प्रगति) में दिए गए प्रपत्रों में उनकी रिपोर्ट भेजेंगे और वे शहरी विकास मंत्रालय को अनुलग्नक 4 और 5 में दिए गए क्रमशः प्राप्तांक और उपयोग प्रमाण–पत्र भी भेजेंगे।

9.3 इन दस्तावेजों को (i) केन्द्र और राज्य द्वारा पैरा 5 में दिए गए निधिकरण पैटर्न के अनुसार पहले से जारी की गई 75% धन राशि का उपयोग, (ii) राज्य/शहरी स्थानीय निकाय/निजी क्षेत्र के अंशों के उपयोग और (iii) एसएएपी में अन्तर्विष्ट रोड मैप में यथा आश्वस्त और स्वतंत्र समीक्षा और निगरानी एजेंसी (आईआरएमए) की रिपोर्ट में प्रमाणित सेवा स्तरीय लक्ष्यों को पूरा करने के विवरण को दर्शाना चाहिए। महत्वपूर्ण बात यह है कि केन्द्रीय सहायता की दूसरी और तीसरी किस्तें जारी करना निम्नलिखित के अधीन होगाः (क) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा एसएएपी में दिए गए आश्वस्त संसाधनों के अनुसार उन को जुटाना, और (ख) एसएचपीएससी और शीर्ष सीमिति द्वारा लगाई गई कोई अन्य शर्त। इस तथ्य को मानते हुए कि सभी अनुमोदित परियोजनाएं समान गति से नहीं चल रही हैं, राज्य असाधारण परिस्थितियों में, जब भी 75% उपयोग और अन्य शर्तें पूरी कर ली जाएं, यूएलबी/परियोजनाओं के एक सेट हेतु दूसरी और तीसरी किस्तें जारी करने के लिए अपने प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं (पृष्ठ 16 पर फ्लो चार्ट देखें )।

9.4 शीर्ष समिति प्रत्येक वर्ष की तीसरी तिमाही के अन्त में राज्यों द्वारा आबंटनों के उपयोग की समीक्षा करेगी और गैर–कार्यनिष्पादन से कार्य निष्पादन करने वाले राज्यों/शहरी स्थानीय निकायों को उनके कार्य निष्पादन और निधियों का उपयोग करने की क्षमता के आधार पर निधियों को पुनः आबंटित करेगी। अनुमानित लागत के आधार पर जारी पहली किस्त की 20% से अधिक अथवा कम राशि की केन्द्रीय सहायता की दूसरी

किस्त को जारी करते समय समायोजित किया जाएगा जो अनुमोदित लागत पर आधारित होगी। अनुमोदित लागत परियोजना की मूल्यांकित लागत अथवा निविदा में प्रस्तुत की गई लागत (जो भी कम हो) है और उस को एसएचपीएससी द्वारा ध्यान में रखा जाना होगा। मिशन परियोजनाओं के प्रयोजनों के अलावा अन्य प्रयोजनों के लिए केन्द्रीय अनुदानों को व्यय करने के लिए उस धनराशि पर दांडिक ब्याज लगाया जाएगा और शीर्ष समिति द्वारा कोई अन्य कार्रवाई की जाएगी तथा अनुदान जारी करने पर प्रतिकूल प्रभाव शामिल हो सकता है।

9.5 पहले के कार्यक्रमों से प्राप्त अनुभवों ने इस तथ्य को स्पष्ट किया है कि राज्य सरकारों द्वारा परियोजना निधियों को समय पर जारी करना परियोजना को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। अतः राज्यों को शहरी विकास मंत्रालय द्वारा केन्द्रीय अंश को जारी करने के सात कार्य दिवसों के भीतर शहरी स्थानीय निकायों को राज्य के अंश सहित केन्द्रीय सहायता निधियों को जारी करना चाहिए अन्यथा वित्त मंत्रालय द्वारा राज्य पर सात दिनों से आगे की किसी देरी के लिए विनिर्दिष्ट दर पर ब्याज लगाया जाएगा और भावी किस्तों से समुचित कटौतियां की जाएंगी।

9.6 नीचे का अनुक्रमक चार्ट धन को जारी करने के कदमों का ब्यौरा देता है :

शीर्ष समिति द्वारा एसएएपी के अनुमोदन पर केन्द्रीय सहायता की पहली किस्त (**20%**) जारी की जाती है।

↓

राज्य अप्रैल, अगस्त, नवम्बर और फरवरी के दौरान सभी शहरी स्थानीय निकायों के लिए परियोजनाओ हेतु केन्द्रीय सहायता की दूसरी अथवा तीसरी किस्त को जारी करने के अपने दावे प्रस्तुत करेंगे जिन्होंने किस्त जारी करने की अमृत की शर्तें पूरी कर ली हैं और अनुलग्नक 4,5 और 6 में दिए गए दस्तावेज भेजेंगे।

↓

उपयोग प्रमाण–पत्रों, परियोजना निधियों के लिए अनुरोध (अनुलग्नक 6.2 में केवल सार रिपोर्ट) और परिणाम सूचकों पर प्रगति को दर्शाने वाले अंक कार्ड को प्रस्तुत करने के पश्चात प्रत्येक के लिए अनुमोदित लागत हेतु 40 % दूसरी और तीसरी किस्तों को जारी किया जाता है।

## 10. कार्यक्रम प्रबंधन संरचना

### 10.1 राष्ट्रीय स्तर

सचिव, शहरी विकास मंत्रालय की अध्यक्षता में और संबंधित मंत्रालयों और संगठनों के प्रतिनिधियों से बनी शीर्ष समिति इस मिशन का पर्यवेक्षण करेगी। शीर्ष समिति की संरचना इस प्रकार होगी :–

| | | |
|---|---|---|
| i. | सचिव (शहरी विकास मंत्रालय) | अध्यक्ष |
| ii. | सचिव (व्यय विभाग) | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| iii. | सचिव (आर्थिक कार्य विभाग) | सदस्य |
| iv. | प्रधान सलाहकार (एचयूडी)नीति आयोग | सदस्य |
| v. | सचिव (पेय जल एवं स्वच्छता) | सदस्य |
| vi. | सचिव (आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय) | सदस्य |
| vii. | सचिव (पर्यावरण एवं वन ) | सदस्य |
| viii. | संयुक्त सचिव एवं एफए, शहरी विकास मंत्रालय | सदस्य |
| ix. | ओएसडी (यूटी) ,शहरी विकास मंत्रालय | सदस्य |
| x. | सलाहकार (सीपीएचईईओ) | सदस्य |
| xi. | टीसीपीओ | सदस्य |
| xii. | निदेशक, एनआईयूए | सदस्य |
| xiii. | मिशन निदेशक (शहरी विकास मंत्रालय) | सदस्य सचिव |

शीर्ष समिति किसी भी सरकारी विभाग या संगठन के प्रतिनिधि को सदस्य के रूप में सहयोजित कर सकती है या विचार विमर्श में किसी विशेषज्ञ को आमंत्रित कर सकती है। शीर्ष समिति के कार्य इस प्रकार हैंः –

i. राज्यों के क्षमता निर्माण बढ़ाने के लिए वार्षिक व्यापक कार्रवाई योजना सहित एसएएपी उच्चाधिकार प्राप्त राज्य संचालन समिति द्वारा प्रस्तुत एसएएपी और एसएएपी में सुधार खाके का अनुमोदन।

ii. राज्य/संघ शासित प्रदेशों/मिशन निदेशालय को निधियों का आबंटन और उनको जारी करना।

iii. मिशन की समग्र निगरानी और पर्यवेक्षण

iv. संसाधन जुटाने, निजी वित्त–पोषण और भूमि लीवरेजिंग के लिए नए साधनों के संबंध में राज्य/संघ शासित क्षेत्र/कार्यान्वयन एजेंसियों को सलाह देना।

v. तृतीय पक्ष निगरानी (आईआरएमए) के लिए संगठनों, संस्थानों अथवा एजेंसियों की नियुक्ति की पुष्टि करना।

vi. मिशन का शीघ्र कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए शीर्ष समिति मिशन निदेशक को एक निर्धारित सीमा के भीतर, कुछेक कार्यों को, जैसा वह उचित समझे, प्रत्यायोजित कर सकती है।

vii. परियोजना की वास्तविक प्रगति का सीमांकन करना जिसके आधार पर राज्यों को निधियां जारी की जायेंगी।

शीर्ष समिति आवश्यकतानुसार किन्तु तीन माह में कम से कम एक बार बैठक अवश्य करेगी। एक राष्ट्रीय मिशन निदेशक होगा जो भारत सरकार के संयुक्त सचिव के पद के स्तर का होगा, जो मिशन संबंधी गतिविधियों के लिए सर्व–कार्य प्रभारी होगा। आवश्यकता पड़ने पर मिशन निदेशक विषय से संबंधित विशेषज्ञों एवं कर्मचारियों से सहायता लेगा। राष्ट्रीय मिशन निदेशक शीर्ष समिति के सदस्य–सचिव होंगे।

### 10.2 राज्य स्तर

राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय उच्च शक्ति प्राप्त संचालन समिति, (एसएचपीएससी) अपनी सम्पूर्ण हैसियत में इस मिशन के कार्यक्रम का संचालन करेगी। एसएचपीएससी की निर्देशात्मक संरचना इस प्रकार है : –

| | | |
|---|---|---|
| i. | मुख्य–सचिव | अध्यक्ष |
| ii. | प्रधान सचिव (पीएचई) | सदस्य |
| iii. | प्रधान सचिव (वित्त) | सदस्य |
| iv. | प्रधान सचिव (आवास) | सदस्य |
| v. | प्रधान सचिव (पर्यावरण एवं वन) | सदस्य |
| vi. | शहरी विकास मंत्रालय के प्रतिनिधि | सदस्य |
| vii. | मिशन निदेशक (यदि नीचे viii से भिन्न हो, तो) | सदस्य |
| viii. | प्रधान सचिव (शहरी विकास) | सदस्य सचिव |

एसएचपीएससी अन्य राज्य सरकार के विभागों/सरकारी संगठनों से सदस्य (सदस्यों) को सहयोजित कर सकती है और इसके विचार–विमर्श में भाग लेने के लिए इस क्षेत्र में विशेषज्ञों को भी आमंत्रित कर सकती है। एक राज्य मिशन निदेशक होगा जो राज्य सरकार के सचिव के स्तर का ही एक अधिकारी होगा जिसे राज्य सरकार द्वारा नामित किया जाता है और जो एक कार्यक्रम प्रबंधन यूनिट (पीएमयू) और एक परियोजना विकास और प्रबंधन परामर्शदाता (पीडीएमसी) के साथ कार्य करेगा। परियोजना विकास और प्रबंधन परामर्श दाता की स्थापना के साथ अमृत पूर्वमिशन के अंतर्गत स्थापित कार्यक्रम प्रबंधन यूनिटों और परियोजना कार्यान्वयन यूनिटों को सहायता प्रदान नहीं करेगा। इसके अतिरिक्त, राज्य यह सुनिश्चित करेंगे कि मिशन सहायता की इन संरचनाओं के कार्यों में कोई अतिव्यापन नहीं होगा। यदि किसी पीएमयू को पहले ही सीसीबीपी के अंतर्गत स्थापित कर दिया गया हो तो किसी अन्य पीएमयू की मिशन की निधियों से सहायता नहीं की जाएगी। एसएचपीएससी के कार्य इस प्रकार हैं:–

i. एसएलबी के आधार पर अवस्थापना में कमियों का पता लगाना, व्यक्तिगत और संस्थागत क्षमता निर्माण की आवश्यकता, शहरी सुधार के लक्ष्य प्राप्त करने के उपाय, मिशन के शहरों/कस्बों के वित्तीय परिव्ययों इत्यादि को अन्तिम रूप देना।

ii. प्रत्येक वर्ष उपलब्ध संसाधनों के आधार पर राज्य के प्राथमिकता वाले शहरों और परियोजनाओं के शहरी स्थानीय निकायों की एसएलआईपी के आधार पर एसएएपी तैयार करना जैसा कि मिशन के विवरण और दिशा निर्देशों में निर्धारित किया गया है।

iii. राज्य स्तरीय तकनीकी समिति (एसएलटीसी) द्वारा तकनीकी रूप से आकलित और संस्वीकृत करने के पश्चात परियोजनाओं को अनुमोदित करना। सभी परियोजना अनुमोदन, राज्य एचपीएससी द्वारा प्रदान किए जाएंगे बशर्ते कि ये परियोजनाएं अनुमोदित एसएएपी में शामिल हों। शहरी विकास मंत्रालय को

किसी भी परियोजना को संस्वीकृति हेतु नहीं भेजा जाएगा। सम्पूर्ण परियोजना अनुमोदन, अधिप्रापण और निष्पादन प्रक्रिया में राज्य एचपीएससी यह सुनिश्चित करेगा कि राज्य वित्तीय नियमावली के सभी प्रावधानों का अनुपालन हो।

iv. लघु, मध्यम और दीर्घावधि में निधि प्रवाह की योजना बनाना। परियोजनाओं के निधीकरण के लिए संसाधन जुटाने, निजी वित्तपोषण और भूमि बढ़ाने हेतु नवीन तरीकों का पता लगाना।

v. इन दिशानिर्देशों के पैरा 5 में विनिर्दिष्ट केन्द्र सरकार के अनुदान के अतिरिक्त परियोजनाओं हेतु राज्य और शहरी स्थानीय निकाय के अंश के हिस्से को तय करना।

vi. खराब गुणवत्ता, पर्यवेक्षण की कमी और अन्य उल्लंघनों की शिकायतों की जांच–पड़ताल करना। तृतीय पक्ष आकलन कर्ताओं और अन्यों के द्वारा कार्य की गुणवत्ता मूल्यांकन की रिपोर्टों को मॉनीटर करना और अपने स्तर पर कार्रवाई करना।

vii. राष्ट्रीय मिशन निदेशालय को चल रही परियोजनाओं के लिए निधियों की किस्त जारी करने हेतु प्रस्ताव संस्तुत करना।

viii. एक वित्तीय मध्यवर्ती संस्था स्थापित करने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई, परियोजनाओं के निष्पादन के लिए केन्द्रीय और राज्य के हिस्से की निधियों को समय पर आबंटित करना और उनको जारी करना।

ix. शीर्ष समिति के अनुमोदनार्थ राज्य/शहरी स्थानीय निकायों में सुधारों के कार्यान्वयन के लिए रोडमैप और उपलब्धियों की सिफारिश करना। राज्य और शहरी स्थानीय निकाय स्तर पर प्रतिबद्ध शहरी सुधारों की प्रगति की समीक्षा करना।

x. शहरी स्थानीय निकायों में परियोजना के कार्यान्वयन समेत इस मिशन के कार्यान्वयन की प्रगति को मानीटर करना।

xi. इस मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत और पूरी की गई परियोजनाओं के परिणाम और ओएंडएम व्यवस्थाओं को मॉनीटर करना।

xii. समय–समय पर क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यकलापों की प्रगति की समीक्षा करना।

xiii. जारी की गई निधियों की समय पर लेखा परीक्षा आयोजित करना और पहले के मिशन तथा नए मिशन से संबंधित विभिन्न लेखा परीक्षा की रिपोर्टों तथा तीसरे पक्ष, परियोजना विकास और प्रबंधन परामर्शदाताओं तथा शहरी स्थानीय निकायों के चुने गए प्रतिनिधियों की रिपोर्टों समेत अन्य रिपोर्टों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्टों की समीक्षा करना।

xiv. इस मिशन के कार्यक्रम के बेहतर नियोजन और कार्यान्वयन के लिए अन्तर–संगठन समन्वय और सहयोग स्थापित करना।

xv. राष्ट्रीय मिशन निदेशालय द्वारा उल्लिखित अथवा मिशन के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए किसी भी प्रकार का अन्य प्रासंगिक मामला।

xvi. न्यायालयों में कानूनी मुद्दे/मामले, यदि कोई हो तो उनकी निगरानी करना

### 10.3 शहर स्तर

शहरी स्तर पर यूएलबी मिशन के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी होंगे। म्यूनिसिपल आयुक्त एसएलआईपी को समय पर तैयार करने को सुनिश्चित करेंगे ( पैरा 6 एवं अनुलग्नक–2)। यूएलबी एसएएपी में अनुमोदित परियोजनाओं के लिए डीपीआर तथा बोली से संबंधित दस्तावेज तैयार करेंगे। यूएलबी डीपीआर और बोली से संबंधित दस्तावेजों के सिटी लेवल अनुमोदन को सुनिश्चित करेंगे तथा इन्हें अनुमोदन के लिए एसएलटीसी/एचपीएससी को अग्रेषित करेंगे। शहरी स्थानीय निकाय वित्तीय नियमों और विनियमों के आधार पर कार्यान्वयन एजेंसियां नियुक्त करेंगी तथा उन्हें कार्य सौंपने के बाद इसे समय पर पूरा करना सुनिश्चित करेगी। इसके लिए, यूएलबी पीडीएमसी से खण्ड 8 के आधार पर इन क्रियाकलापों को करने के लिए सहायता लेगा। यूएलबी क्रमशः अनुलग्नक–2 (तालिका 5.1) तथा 7 में दिये गये अनुसार सुधार का कार्यान्वयन और क्षमता के निर्माण के लिए एक रोड मैप भी विकसित करेगें। यूएलबी परियोजना लागत में वृद्धि के बिना परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए हितधारकों के बीच समन्वय और सहयोग बनाने के लिए भी जिम्मेदार होगा।

## 11. परियोजनाओं के लिए डीपीआर का मूल्यांकन

11.1 एसएचपीएससी एक राज्य स्तरीय तकनीकी समिति (एसएलटीसी) का गठन करेगा जिसमें संबंधित विभागों/संगठनों के प्रतिनिधि होंगे जो डीपीआर का तकनीकी और वित्तीय मूल्यांकन करेगा। एसएलटीसी की संरचना नीचे दिये गये अनुसार हैः

| | | |
|---|---|---|
| i | प्रधान सचिव (शहरी विकास)/सचिव (शहरी विकास) | अध्यक्ष |
| ii | जल–संसाधन/जल–विभाग | सदस्य |
| iii | राजस्व/भूमि विभाग | सदस्य |
